Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

Chapter – 8 | सत्रिया और बिहू नृत्य

QUIZ-01

1. **एंजेला कहाँ रहती थी?**
   A. न्यूयॉर्क
   B. लंदन के केंसिंग्टन इलाके में
   C. पेरिस
   D. रोम (B)

व्याख्या : पाठ के आरंभ में बताया गया है कि एजेला लंदन के प्रसिद्ध इलाके केंसिंग्टन में रहती थी।

2. **एंजेला की माँ एलेसेंड्रा किस पेशे से जुड़ी थीं?**
   A. शिक्षिका
   B. नृत्यांगना
   C. डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म निर्माता
   D. लेखिका (C)

व्याख्या : एलेसेंड्रा असम की नृत्य परंपरा पर डॉक्यूमेंट्री बना रही थीं।

3. **एंजेला और उसका परिवार भारत क्यों आया?**
   A. घूमने के लिए
   B. पढ़ाई के लिए
   C. असम की नृत्य परंपरा पर फ़िल्म बनाने के लिए
   D. व्यापार के लिए (C)

व्याख्या : ब्रिटिश अकादमी ने असम के नृत्यों पर डॉक्यूमेंट्री के लिए सहायता दी थी।

4. **बिहू किस प्रकार का त्योहार है?**
   A. धार्मिक
   B. कृषि आधारित
   C. राष्ट्रीय
   D. शहरी (B)

व्याख्या : बिहू खेती के विभिन्न चरणों से जुड़ा हुआ असम का प्रमुख त्योहार है।

5. **बिहू नृत्य में लड़के और लड़कियाँ क्या भूमिका निभाते हैं?**
   A. केवल लड़के नृत्य करते हैं
   B. केवल लड़कियाँ नृत्य करती हैं
   C. लड़के वाद्य बजाते हैं और लड़कियाँ नृत्य करती हैं
   D. सभी चुप रहते हैं (C)

व्याख्या : एजेला ने देखा कि लड़कों के हाथों में वाद्य और लड़कियों ने रंगीन पोशाक पहनी थी।

6. **सत्रिया नृत्य का संबंध किससे है?**
   A. राजदरबार से
   B. वैष्णव मठों से
   C. विद्यालयों से
   D. खेतों से (B)

व्याख्या : सत्रिया नृत्य असम के सत्रों (मठों) में विकसित हुआ।

7. **एंजेला की मुलाकात असम में किससे हुई?**
   A. प्रिया और रीता
   B. जेम्स और कीरा
   C. अनु
   D. राधा (C)

व्याख्या : अनु रीना सेन की बेटी थी और वही एंजेला की नई मित्र बनी।

8. **सत्रिया नृत्य में पहले किन्हें नृत्य सिखाया जाता था?**
   A. केवल महिलाओं को
   B. केवल बच्चों को
   C. केवल पुरुष साधुओं को
   D. सभी को (C)

व्याख्या : पहले सत्रिया नृत्य मठों तक सीमित था और पुरुष साधु ही इसे करते थे।

9. **सत्रिया महिला नृत्य में कौन-सी कथा दिखाई गई?**
   A. राम-रावण युद्ध
   B. कृष्ण-राधा कथा
   C. जय-विजय की कथा
   D. शिव-पार्वती कथा (C)

व्याख्या : महिला कलाकारों ने भगवान विष्णु के द्वारपाल जय-विजय की कथा प्रस्तुत की।

10. **इस पाठ का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. विदेश यात्रा का वर्णन
   B. भारतीय संस्कृति और नृत्य परंपरा से परिचय
   C. बच्चों के खेलों का वर्णन
   D. लंदन के जीवन का चित्रण (B)

व्याख्या : पाठ के माध्यम से बिहू और सत्रिया नृत्य की सुंदरता व सांस्कृतिक महत्व बताया गया है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App